## एक नजर में

### अप्रतिम नाट्य महोत्सव 28 से, 28 नाटकों की प्रस्तुति



**इंदौर.** शहर की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अप्रतिम नाट्य महोत्सव 2026 सीज़न-2 का आयोजन किया जा रहा है. आई आई एस टी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की पहल पर आयोजित यह चार दिवसीय महोत्सव 28 मार्च से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें प्रदेश भर के 28 नाट्य समूह अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे. महोत्सव का उद्घाटन 28 मार्च को रवीन्द्र नाट्य गृह में होगा, जबकि 3 से 5 अप्रैल तक कार्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित होंगे। सभी दिनों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा. उद्घाटन अवसर पर अभिनेता शिवाजी साटम मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पद्मश्री कालूराम बामनिया अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. 5 अप्रैल को प्रह्लाद सिंह टिपानिया द्वारा कबीर भजनों की विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी. संस्थान के अनुसार, यह आयोजन न केवल रंगमंचीय कला को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी प्रदान करेगा. विविध विषयों और शैलियों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी.

### बीमा कंपनियों ने 6.30 लाख करोड़ का भुगतान किया

**इंदौर.** भारत का जीवन बीमा क्षेत्र परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और दीर्घकालिक वित्तीय योजना में अहम भूमिका निभाता जा रहा है. आईआरडीएआई की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 6.30 लाख करोड़ रुपए के लाभ का भुगतान किया. यह आंकड़ा दर्शाता है कि जीवन बीमा उद्योग जीवन के अलग-अलग चरणों—सुरक्षा से लेकर रिटायरमेंट और धन सृजन- तक परिवारों को मजबूत सहारा दे रहा है. कुल भुगतान में से 2.33 लाख करोड़ रुपए राशि पॉलिसी से निकासी और सरेंडर के रूप में दी गई, जो पिछले साल से 1.77% अधिक है. पॉलिसी की निरंतरता (पर्सिस्टेंसी) बेहतर बनी हुई है, जिससे साफ है कि लोग योजनाबद्ध तरीके से पैसे निकाल रहे हैं. इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के चेयरपर्सन कमलेश राव ने कहा जीवन बीमा कंपनियों के आंकड़े बताते हैं कि यह क्षेत्र न केवल सुरक्षा देता है, बल्कि परिवारों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और जरूरत के समय नकदी उपलब्ध कराने का मजबूत साधन भी है. 92% भुगतान 'लिविंग बेनिफिट्स' के रूप में होना इस बात का प्रमाण है कि जीवन बीमा अब परिवारों का वित्तीय साथी बन चुका है.

### अमेजन एमएक्स प्लेयर ने फटाफट लॉन्च किया

**इंदौर.** मुफ़्त प्रीमियम स्ट्रीमिंग सेवा अमेजन एमएक्स प्लेयर ने फटाफट के लॉन्च की घोषणा की, जो एक नया माइक्रो ड्रामा मंच है जिसे उन मोबाइल फर्स्ट दर्शकों के लिए तैयार किया गया है जो छोटी, रोचक कहानियों का आनंद लेते हैं. फटाफट के ज़रिये अमेजन एमएक्स प्लेयर तेज़ी से उभरती माइक्रो ड्रामा श्रेणी में क़दम रख रहा है और भारत में पहली बार प्रीमियम, धारावाहिक माइक्रो-ड्रामा को पूरी तरह मुफ़्त उपलब्ध कराया है. यह लॉन्च देशभर के दर्शकों तक बिना किसी शुल्क के उच्च गुणवत्ता वाला मनोरंजन पहुंचाने की अमेजन एमएक्स प्लेयर की प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है. अमेजन एमएक्स प्लेयर के हेड करण बेदी ने कहा अमेजन एमएक्स प्लेयर में हमारी हमेशा से यही सोच रही है कि प्रीमियम मनोरंजन सभी तक मुफ़्त में पहुंचे. फटाफट के साथ हम यह वादा तेज़ी से बढ़ती माइक्रो ड्रामा श्रेणी तक विस्तारित कर रहे हैं. ये कहानियां उसी तरह बनाई गई हैं जैसे आज दर्शक कंटेंट देखते हैं - तेज़ी से, दिलचस्प और मोबाइल-फर्स्ट तरीके से- और वो भी भारत भर के दर्शकों के लिए पूरी तरह मुफ़्त. कंटेंट हेड अमोघ दुसाद ने कहा माइक्रो ड्रामा कथा-कथन कला की रोमांचक रचनात्मक संभावनाओं के द्वार खोलते हैं.

### सौ दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत' अभियान का शुभारंभ



**इंदौर.** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला क्षय उन्मूलन केंद्र, मल्हारगंज में 'निश्चय मित्र योजना' के अंतर्गत क्षय पीड़ित सहायक संघ द्वारा जरूरतमंद टीबी मरीजों को अनाज वितरण किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष एच.एल. जैन, सचिव जयप्रकाश महेश्वरी सहित वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे. मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 100 दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ जिला चिकित्सालय परिसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी, सिविल सर्जन डॉ. एस.के. वर्मा एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार जैन की उपस्थिति में किया गया. कार्यक्रम में निश्चय शिविर आयोजित कर एक्स-रे, बलगम जांच, डायबिटीज सहित विभिन्न जांच निशुल्क की गई. अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत हाई रिस्क क्षेत्रों में लगातार स्क्रीनिंग कर टीबी उन्मूलन का लक्ष्य हासिल किया जाएगा.

### कैनन इंडिया ने पहले स्थान पर रहते हुए 10 साल पूरे किए

**इंदौर.** आईडीसी वर्ल्डवाईड क्वाटरली हार्डकॉपी पेरिफेरल्स ट्रैकर क्यू4 2025 के मुताबिक डिजिटल इमेजिंग सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी, कैनन इंडिया ने आज कलर, मोनो और ओवरऑल लेज़र कॉपियर बेस्ड एम.एफ.पी सेगमेंट में लगातार नं. 1 स्थान पर रहते हुए 10 साल पूरे कर लिए. आईडीसी रिपोर्ट के अनुसार, कैनन इंडिया ने साल 2025 में 31.9 प्रतिशत मार्केट शेयर दर्ज करते हुए उपरोक्त सभी सेगमेंट्स में खुद को नं. 1 के रूप में स्थापित किया. यह उपलब्धि हासिल करने पर उत्साहित श्री तोशियाकी नोमुरा, प्रेसिडेंट एवं सी.ई.ओ, कैनन इंडिया ने कहा यह कैनन इंडिया के लिए गर्व का क्षण है. हम लगातार 10 सालों से भारत के लेज़र कॉपियर सेगमेंट में नं.1 के स्थान पर बने हुए हैं. इससे इनोवेशन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए हमारा निरंतर निवेश प्रदर्शित होता है. हम बिज़नेस ऑपरेशंस को सरल बनाने के लक्ष्य के साथ लगातार इनोवेट करते रहेंगे, ताकि हमारे ग्राहकों का विश्वास मजबूत हो और उन्हें दीर्घकालिक लाभ मिल सके. सी. सुकुमारन, वाईस प्रेसिडेंट, कैनन इंडिया ने कहा हम अपने ग्राहकों और पार्टनर्स के आभारी हैं, जिन्होंने कैनन इंडिया में लगातार विश्वास बनाए रखा.

### सैमसंग ने क्विक शेयर में जोड़ा एयरड्रॉप सपोर्ट

**इंदौर.** सैमसंग अपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज में एयरड्रॉप सपोर्ट पेश कर रहा है, जिससे यूजर्स के लिए क्विक शेयर का उपयोग करके डिवाइसेज के बीच कंटेंट शेयर करना और भी आसान हो जाएगा. यह फीचर 23 मार्च से चरणबद्ध तरीके से रोलआउट होना शुरू होगा, जिसकी शुरुआत कोरिया से होगी. इसके बाद इसे यूरोप, हांगकांग, जापान, लैटिन अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण-पूर्वी एशिया और ताइवान सहित अन्य क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा. एयरड्रॉप सपोर्ट शुरुआत में गैलेक्सी एस26 सीरीज पर उपलब्ध होगा, जबकि अन्य डिवाइसेज के लिए इसके विस्तार की घोषणा भविष्य में की जाएगी.

### नई कुशाक के साथ सेफ्टी को नए सिरे से परिभाषित किया

**इंदौर.** स्कोडा ऑटो इंडिया ने रिफ्रेश्ड और अपग्रेडेड नई कुशाक की कीमतों और कस्टमर डिलीवरी शुरू होने की घोषणा कर दी है. इस साल जनवरी में लॉन्च हुई नई कुशाक, वैल्यू, सेफ्टी, ड्राइविंग डायनामिक्स के मामले में सबसे आगे है और पूरी रेंज में यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए लाने की ब्रांड की स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है. स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा स्कोडा में हमारा मिशन यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए उपलब्ध कराना और इसे ज़्यादा कस्टमर्स के लिए आसान बनाना है. नई कुशाक के साथ, हम सच में पूरी रेंज में वैल्यू को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। नई कुशाक सभी वेरिएंट्स में कॉम्पिटिटिव वैल्यू प्राइसिंग, बेहतर स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स और ऑल-राउंड परफॉर्मेंस के ज़रिए सबसे आगे है. सेगमेंट में पहली बार दिए गए फीचर्स जैसे आठ-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स, रियर सीट मसाजर, और ज़रूरी फीचर्स का स्टैंडर्डाइजेशन, एंट्री वेरिएंट से ही शानदार वैल्यू देते हैं. क्लास-लीडिंग सेफ्टी, बेजोड़ ड्राइविंग डायनामिक्स और ओनरशिप का गर्व नई कुशाक के साथ स्टैंडर्ड आता है, जैसा कि हर स्कोडा के साथ होता है.

# ब्रेन डेड इंजीनियर का अंगदान तीन मरीजों को मिली नई जिंदगी

▶ शहर में बना 67वां ग्रीन कॉरिडोर

**इंदौर. मानवता की मिसाल पेश करते हुए शुजालपुर में रहने वाले 34 वर्षीय अनुपम नालमे के परिवार ने उनके ब्रेन डेड होने के बाद अंगदान का निर्णय लिया था, मंगलवार को शहर में बने 67वें ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से उनका लिवर और दोनों किडनी तीन जरूरतमंद मरीजों में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किए गए, जिससे उन्हें नई जिंदगी मिली.**

अनुपम नालमे को 20 मार्च को घर पर ही गंभीर ब्रेन हेमरेज हुआ था. पहले उन्हें वी-वन अस्पताल और बाद में 22 मार्च को सीएचएल केयर अस्पताल में भर्ती कराया. यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दो बार जांच के बाद उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया. मुस्कान ग्रुप के सेवादारों की काउंसलिंग के बाद परिवार ने



अंगदान के लिए सहमति दी और अधिक से अधिक अंग दान करने की इच्छा जताई. इसके तहत मंगलवार दोपहर सीएचएल अस्पताल में भर्ती 44 वर्षीय और 34 वर्षीय महिलाओं को लिवर और एक किडनी प्रत्यारोपित की गई. वहीं दूसरी किडनी ग्रीन कॉरिडोर बनाकर शैल्बी अस्पताल पहुंचाई गई, जो एक 39 वर्षीय पुरुष को प्रत्यारोपित की गई.

नालमे परिवार की इच्छा के अनुरूप अनुपम के हाथ, अग्नाशय, हड्डी, हृदय वाल्व और छोटी आंत के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अलर्ट जारी किया गया, लेकिन तकनीकी कारणों और तत्काल जरूरत नहीं होने के कारण इन अंगों का प्रत्यारोपण नहीं हो सका. हालांकि, अनुपम की त्वचा का भी दान किया गया है, जिसका उपयोग अन्य मरीजों के उपचार में किया जाएगा. परिजनों ने बताया कि अनुपम सिविल इंजीनियर थे और सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहते थे. वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते थे. अंगदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद अस्पताल परिसर में उन्हें राज्य शासन के नियमानुसार गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.

# इंदौर में मॉड्यूलर व्हीकल बैरियर की हुई शुरुआत

▶ तेज रफ्तार पर अब लगेगा ब्रेक

**इंदौर.** शहर में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और तेज गति से चलने वाले वाहनों पर नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने नई पहल शुरू की है. पुलिस आयुक्त के निर्देशन में मॉड्यूलर व्हीकल बैरियर प्रणाली लागू की गई है, जो आवश्यकता अनुसार कहीं भी आसानी से लगाई और हटाई जा सकेगी.

यह बैरियर खास तौर पर उन क्षेत्रों में उपयोग किया जाएगा, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है. इसका उद्देश्य वाहन गति नियंत्रित करना, हादसों में कमी लाना और यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाना है. मॉड्यूलर व्हीकल बैरियर प्रणाली के शुभारंभ के दौरान पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके



सिंह और यातायात डीसीपी राजेश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएं.

# पुरानी रंजिश में युवक पर ब्लैड से जानलेवा हमला

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर ब्लैड से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है. आरोपी ने विवाद के दौरान युवक के गले पर वार कर दिया. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि कृष्णबाग कॉलोनी निवासी रवि पगारे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात वह नेमावर रोड स्थित हरे कृष्ण तौल कांटे के पास से गुजर रहा था. इसी दौरान उसकी मुलाकात संजय गांधी नगर निवासी विनोद काकोड़िया से हो गई. दोनों के बीच पुरानी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई. आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर विनोद काकोड़िया ने अचानक अपने पास रखी ब्लैड निकाल ली और जान से मारने की नीयत से रवि के गले पर वार कर दिया. हमले में रवि के गले पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# छात्रा ने टीआई पर लगाए गंभीर आरोप

▶ सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत वापस लेने का बनाया दबाव

**इंदौर.** पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां कनाडिया क्षेत्र की एक छात्रा ने एमजी रोड थाना प्रभारी पर सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया. छात्रा ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह को लिखित शिकायत सौंपते हुए देर रात कॉल कर परेशान करने की बात कही है.

पीड़िता, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है, ने बताया कि उसने नीमच में पदस्थ पुलिसकर्मी अनिरुद्ध के खिलाफ महिला थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था. आरोप है कि आरोपी ने कोर्ट में अपनी वैवाहिक स्थिति को लेकर गलत जानकारी दी.

इसी मामले में अप्रैल 2024 में एमजी रोड थाने में शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उसने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई. छात्रा का आरोप है कि 19 जनवरी 2026 से एमजी रोड टीआई विजय सिसौदिया उसे देर रात व्हाट्सएप कॉल कर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं.

**टीआई ने आरोप को किया खारिज**

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच एक महिला अधिकारी को सौंपी गई है. वहीं, टीआई विजय सिसौदिया ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार और भ्रामक बताया है. उनका कहना है कि संबंधित महिला पहले एक सिपाही पर केस दर्ज करा चुकी है और अब गलत दस्तावेजों के आधार पर एक और एफआईआर दर्ज कराने का दबाव बना रही थी. उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन की जानकारी के संबंध में केवल एक बार बातचीत हुई थी. डीसीपी जोन-3 राजेश व्यास ने मामले की जांच एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा को सौंपी है, उनका कहना है कि कॉल रिकॉर्ड सहित सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# इंदौर में कमर्शियल गैस की नई गाइडलाइन लागू

▶ तीन महीने की खपत के आधार पर मिलेगा सिलेंडर, जमाखोरी पर कड़ी नजर

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. शहर में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी के लिए नया नियम लागू किया है. खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी एम. एल. मारू के अनुसार, अब सिलेंडर आवंटन वर्तमान खपत और आवश्यकताओं के आधार पर होगा.**

शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक गैस का 30 प्रतिशत, आवश्यक सेवाओं जैसे सुरक्षा बल, पुलिस, जेल, महिला-बाल विकास विभाग और एयरपोर्ट, रेलवे, दीनदयाल रसोई को 35 प्रतिशत मिलेगा. होटल और रेस्टोरेंट-केटर्स को 9 प्रतिशत, ढाबा और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को 7 प्रतिशत, छोटे उद्योग और ठेला व्यवसायी तथा अन्य उद्योगों को 5-5 प्रतिशत आवंटित किया जाएगा.

**जमाखोरी पर लगेगा अकुंश**

सिलेंडरों की आपूर्ति अब पैक्ड सिलेंडरों के रूप में होगी. प्रत्येक उपभोक्ता को मिलने वाली दैनिक गैस की मात्रा पिछले तीन महीनों के औसत खपत के आधार पर तय होगी. ओएमसी ऑनलाइन बुकिंग और रिफिल अनुरोध रिकॉर्ड रखेगा. लंबित मांग को उपलब्धता के अनुसार अगले दिन पूरा किया जाएगा.

**प्रशासन रखेगा निगरानी...**

जिला प्रशासन सिलेंडरों के डायवर्जन, जमाखोरी, अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखेगा. जिन क्षेत्रों में सिटी गैस वितरण प्रणाली उपलब्ध है, वहां वाणिज्यिक उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकेंगे.

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करते धराया, 8 सिलेंडर बरामद

**इंदौर.** शहर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ चंदन नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 8 गैस सिलेंडर और एक ऑटो रिक्शा जब्त किया है.

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि 33 वर्षीय शाहरुख खान निवासी केशव नगर को ऑटो रिक्शा नम्बर एमपी 09 आरबी 1924 में सिलेंडर की कालाबाजारी करते पकड़ा. पूछताछ में उसने बताया कि बाजार में सिलेंडर की कमी के चलते 941 रुपए का सिलेंडर 1500 से 2000 रुपए में



बेचकर मुनाफा कमा रहा था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# सैकड़ों वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने लिया समयदान का संकल्प

▶ डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति का स्थापना दिवस मनाया

**इंदौर.** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति के स्थापना दिवस एवं नववर्ष के उपलक्ष्य में वरिष्ठ स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण और कार्यकर्ताओं का शताब्दी वर्ष के निमित्त समय समर्पण भाव जागरण कार्यक्रम सुदर्शन भवन, पंत वैद्य कालोनी पर रखा गया. समिति के सेवा प्रकल्पों की प्रदर्शनी भी लगाई गई.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मालवा प्रांत के बौद्धिक प्रमुख सुनील बागुल




ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज जो देखता है उसी का अनुसरण करता है. स्वयंसेवक के व्यवहार से समाज को सीख मिलती है. संघ की सेवा गतिविधियां समाज में पैठ बनाने का सशक्त माध्यम है. शताब्दी वर्ष निमित्त पथ संचलन एवं हिंदू सम्मेलन में समाज की भूमिका इसका अनुपम उदाहरण है. समिति के अध्यक्ष ईश्वर हिंदुजा एवं मंत्री राकेश कुमार यादव ने बताया कि वर्षप्रतिपदा एवं समिति के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण रखा जाता है. इस वर्ष भी सुदर्शन भवन पर आयोजन हुआ. इसमें संघ के सेवा प्रकल्पों में समयदान का संकल्प लिया. उपाध्यक्ष रुपेश पाल ने समिति द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी और बताया कि आगामी वर्ष में नए सेवा प्रकल्प शुरु करने जा रहे है. इस कड़ी में लायब्रेरी एवं परिवार परामर्श केन्द्र की शुरुआत कर रहे है. इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन केन्द्र व योग केन्द्र भी खोले जाएंगे. इन सभी सेवा प्रकल्पों में समय का समर्पण करने का संकल्प सैकड़ों स्वयंसेवकों ने लिया. संचालन उमेश वर्मा ने किया.

# ग्रीष्मकालीन भीड़ को देखते हुए 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. पश्चिम रेलवे ने ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बढ़ती यात्री भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष किराये पर चल रही 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों का पुन: विस्तार किया है. रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, इन ट्रेनों का संचालन यात्रियों की सुविधा के लिए आगे भी जारी रहेगा.**

बांद्रा टर्मिनसङ्कअजमेर साप्ताहिक स्पेशल (ट्रेन संख्या 09622) को 27 अप्रैल 2026 तक तथा वापसी (09621) को 26 अप्रैल तक बढ़ाया गया है. अजमेर-दौंड साप्ताहिक स्पेशल (09625) 23 अप्रैल तक और दौंडङ्कअजमेर (09626) 24 अप्रैल तक चलेगी। इसी तरह हिसार-खडकी स्पेशल (04725) 26 अप्रैल तक तथा खडकीङ्कहिसार (04726) 27 अप्रैल 2026 तक विस्तारित की गई है. यात्रियों से अपील है कि वे ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना की जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या संबंधित स्टेशन से संपर्क करें.

# सांवेर तहसील के आरआई और पटवारी निलंबित

**इंदौर.** आज कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण में लापरवाही करने पर आरआई और पटवारी को निलंबित कर दिया. साथ ही तहसीलदार को कारण बताओ जारी किया है.

मामला कुछ यूं है कि सांवेर तहसील के ग्राम खाकरोड़ में सीमांकन का आवेदन लगाया गया था. आवेदनकर्ता ने अक्टूबर 2025 में आवेदन लगाया और उसका सीमांकन आरआई धर्मेंद्र गुप्ता और पटवारी दीपशिखा कैथवास ने सीमांकन नहीं किया. आवेदक ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की और कलेक्टर वर्मा को मामले में शिकायत की. सीएम हेल्पलाइन को लेकर पटवारी कैथवास ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन से कुछ नहीं होता है. इसके आरआई धर्मेंद्र गुप्ता और पटवारी दीपशिखा कैथवास ने धरमपुरी कार्यालय पर आवेदक को बुलाकर बंद कमरे में धमकाने और शिकयत वापस लेने का दबाव बनाया. साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से रिश्वत की मांग करने की शिकायत भी कलेक्टर शिवम वर्मा बताई. मामले के जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने आरआई धर्मेंद्र गुप्ता और पटवारी दीपशिखा कैथवास को निलंबित करने के आदेश दिए. वहीं क्षेत्रीय तहसीलदार पूनम तोमर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

## एक नजर में

**नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ की पूर्णाहुति 27 मार्च को**

# गायत्री शक्तिपीठ में युद्ध शीघ्र समाप्त करने के लिए दी आहुति

**इन्दौर. गायत्री शक्तिपीठ, केशरबाग में प्रतिदिन नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार हो रहेहै, जिसमें बड़ी संख्या में महिलायें, पुरुष व बच्चे भाग ले रहेहै।**

शांतिकुंज हरिद्वार के प्रबंधक योगेन्द्र गिरी ने गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या के निर्देश पर सभी शक्तिपीठों के माध्यम से वर्तमान युद्धकाल में कार्यकर्ताओं से फिजूल खर्ची रोकने व बचत करने की सलाह दी है.

उक्त जानकारी देते हुए सजल तिवारी ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ, केशरबाग में प्रति रविवार एक लाख पच्चीस हजार मंत्र



विश्वशांति तथा शीघ्र युद्ध रोकने के किये कराया जा रहा है. आज नौ कुण्डीय यज्ञ में संस्कार के साथ गायत्री शक्तिपीठ पर व अपने घरों में कार्यकर्ताओं से गायत्री मंत्र का जाप करने का संकल्प दिलाया जा गया. यज्ञ की पूर्णाहुति बिना फिजूल खर्ची किये की जायेगी. यज्ञ में दी गयी गायत्री मंत्र की तरंगे शीघ्र युद्ध को रोकने में सहायक होगी. आरंभ में यज्ञ संचालन करूणा अग्रवाल, गरिमा रोकड़े, कविता राव पूनम त्रिपाठी. ने किया. देव पूजन अशोक उपाध्याय, कैलाश वर्मा, सुलभा क्षीरसागर, नम्रता तिवारी व आरती सोलंकी ने किया.